# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक-20.04.2024**

- **अपराधों पर रोकथाम लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध कडी कार्यवाही जारी।**
- **थाना सट्टी पुलिस की कार्यवाही से हत्या की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **थाना सट्टी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 16.04.2024 को वादी श्री आजाद सिंह पुत्र श्री नाहर सिंह निवासी कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना सट्टी पर दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 30/2024 धारा 302 भा0द0वि0 बनाम नामजद अभियुक्त अश्वनी कुमार पुत्र स्व0 छेदी लाल निवासी कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 38 वर्ष पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में दिनांक 19.04.2024 थाना पुलिस द्वारा को कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अश्वनी कुमार उपरोक्त को दड़ी की पुलिया से करीब 80 मीटर दड़ी की तरफ समय करीब 19.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं नाहर सिंह के मकान के सामने सड़क पर निकल रहा था तो नाहर सिंह मुझे गाली देने लगा जिससे मैंने गुस्से में आकर अपने हाथ मे लिये डण्डा उसके सिर मे मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर पडा और मैने दो तीन बार उसी डण्डे से उसके सिर व चेहरे पर मारा जिससे नाहर सिंह की मृत्यु हो गई थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**1.** अश्वनी कुमार पुत्र स्व0 छेदी लाल निवासी कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 38 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री शिवशंकर सिंह थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
2. उ0नि0 श्री शीलेश कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
3. हे0का0 163 अखिलेश कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
4. कां0 312 सोनू कुमार थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
5. म0का0 1215 दीपा यादव थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
6. चालक जोखई प्रसाद थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।